हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 15 जून 2024

[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

04 मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यक्रम में उमड़ा ...

08 नदियों और जल स्रोतों के पुनर्जीवन के लिए ...

खबर संक्षेप

मत्स्याखेट पर 16 जून से 15 अगस्त रहेगा प्रतिबंध

नर्मदापुरम। मप्र नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 (2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। कलेक्टर सोनिया मीना ने एक आदेश जारी कर इस अवधि में मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन एवं मत्स्य विपणन पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नही है ओर जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नही लाया गया है, को छोडकर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। उपरोक्त प्रावधानों के उल्लंघन की दशा में मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) अधिनियम 1981 की धारा 5 के अंतर्गत उल्लघंनकर्ता को एक वर्ष तक का कारावास या पांच हजार रूपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किए जाने का प्रावधान है।

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

नर्मदापुरम। आगामी 17 जून को ईदुज्जुहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था के संबंध मे बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि ईदुज्जुहा पर्व सम्पूर्ण जिले मे मनाया जायेगा। उक्त परिप्रेक्ष्य में जिले के समस्त एसडीएम नर्मदापुरम, इटारसी, सिवनीमालवा, सोहागपुर, पिपरिया को निर्देशित किया गया कि वे उक्त पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए जाने हेतु अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे।

कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर की जिला स्तरीय कार्य योजना की बैठक में कलेक्टर ने कहा

जिला जैविक कीट प्रबंधन व अन्य क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहा है

नर्मदापुरम जिला जैविक कीट के माध्यम से उन्नत खेती एवं अन्य उत्पादकों का उत्पादन कर रहा है, जो अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायी होगा। यह बात शुक्रवार को सोनिया मीना ने कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित जिला स्तरीय कार्य योजनाओं की बैठक में कही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने शुक्रवार को कृषि विज्ञान केन्द्र गोविंदनगर की जिला स्तरीय कार्य योजना की बैठक में कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र गोविंदनगर जैविक कीट प्रबंधन एवं अन्य क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहा है। कलेक्टर ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर जैसे जैविक कीट प्रबंधन, कम लागत में तैयार विभिन्न ट्रेप, बायो एजेंट, पोषक प्रबंधन में प्रोम उत्पादन, अजोला उत्पादन, नई फसलों में जैसे स्ट्राबेरी, ब्रोकली, परवल एवं स्वीट कार्न उत्पादन ड्रोन प्रदर्शन, बीज उत्पादन तथा विभिन्न व्यवसायिक प्रशिक्षण जैसे गुलाल निर्माण, सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर एवं नस्ल सुधार के क्षेत्र में जिले में सराहनीय कार्य कर रहा है।

विकसित जैविक खेती के लिए आए सुझाव

बैठक की शुरुआत मे केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजीव कुमार गर्ग ने कलेक्टर के समक्ष कृषि विज्ञान केंद्र का संक्षिप्त परिचय एवं वर्ष 2023-24 की प्रगति का प्रस्तुतीकरण किया। जिसमे ड्रोन प्रदर्शन, जैविक खेती, मृदा परीक्षण, जैविक कीट प्रवंधन, विकसित प्रजातियां, व्यवसायिक फसल के बारे मे बताया। इसके साथ ही खरीफ 2024-25 की कार्य योजना सदस्यों एवं कृषको के समक्ष प्रस्तुत की तत्पश्चात सामूहिक चर्चा व सुझाव आमंत्रित किये गये।

योजना से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ें

कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारयों के माध्यम से कृषि विज्ञान केंद्र गोविन्दनगर में संचालित किसान सारथि पोर्टल पर अधिक से अधिक किसानो को जोड़ने का आदेश दिया गया साथ हीपशुपालन विभाग को कृषि विज्ञान केंद्र गोविन्दनगर द्वारा संचालितआर्या परियोजना के अंतर्गत मुर्गी पालन एवं बकरी पालन के हितग्राहियों को विभागीय योजनाओ का लाभ देने का एवं कृषि अभियांत्रिकी को नरवाई प्रबंधन के लिए प्रत्येक विकासखंड में स्ट्राबेलर, हैप्पी सीडर या सुपर सीडर के प्रदर्शन करने का आदेश दिया गया।

प्रगतिशील किसान हुए उपस्थित

उपसंचालक कृषि, जेआर हेडाऊ, कृषि से सम्बंधित सभी विभाग के अधिकारी एवं भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास गोविंदनगर के सचिव चाणक्य बक्शी, सहसचिव, केशव माहेश्वरी एवं कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर के अध्यक्ष, अनिल अग्रवाल, जिले के प्रगतिशील कृषको की उपस्थिति में की गई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया, तत्पश्चात अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेट कर जिला स्तरीय कार्ययोजना बैठक का शुभारम्भ किया गया। बैठक में प्रगतिशील कृषक गोपाल कुशवाहा,महेंद्र राठोर, आर्या हितग्राही विशाल गोहिया, जिले के अन्य प्रगतिशील किसान, कृषि विज्ञान केंद्र गोविन्दनगर से वैज्ञानिक ब्रजेश कुमार नामदेव, डॉ देवीदास पटेल, डॉ.आकांक्षा पांडे, लवेश कुमार चौरसिया, राजेन्द्र पटैल, डॉ प्रवीण सोलंकी, पंकज शर्मा, विकास मोहरीर, राहुल माझी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषियों को 1-1 वर्ष की सजा

विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट सुरेश कुमार चौबे सोहागपुर के न्यायालय में आरोपी समीर पिता हफीज कुरैशी और फैजान पिता मकसूद खान को भादवि की धारा 354 एवं पॉक्सो अधिनियम की धारा- 11/12 में 1- 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000-1000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में जिला अभियोजन अधिकारी नर्मदापुरम राजकुमार नेमा ने बताया कि नाबालिग अभियोक्त्री रोज सुबह कोचिंग पढ़ने जाती थी तो दो लड़के मोटर साइकिल से उसका पीछा करते थे, एक दिन पीछा करते हुए दोनों घर के सामने मोहल्ले में भी आ गए। अभियोक्त्री बहुत घबरा गई , उसने यह बात अपने पिता को बताई।

घटना 10 जुलाई 23 कोचिंग जाते समय दोनों लड़के मोटर साइकिल से आ गए और छेड़छाड़ करने लगे। चिल्लाने पर अभियोक्त्री के पिता और बड़ी बहन वहां आ गए, उसके बाद दोनो भागने लगे, तभी पिताजी ने मोटर साइकिल की चाबी निकाल ली और मोहल्ले के लोगों ने उनको पकड़ लिया और थाना सोहागपुर लेकर गये, थाने में आरोपियों ने अपना नाम समीर पिता हफीज कुरैशी और फैजान पिता मकसूद खान बताया। उक्त घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस द्वारा प्रकरण को विवेचना में लिया गया और सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। उक्त प्रकरण में विचारण उपरांत विशेष न्यायालय द्वारा आरोपी समीर पिता हफीज कुरेशी एवं फेजान पिता मकसूद खान को उक्त घटना में दोषी पाकर 01- 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 2000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अनिशा खान द्वारा सशक्त पैरवी की गई।

दो दिवसीय आम महोत्सव व सेमिनार आज से

नर्मदापुरम। उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग एवं जिला प्रशासन नर्मदापुरम के द्वारा आम महोत्सव एवं सेमिनार का आयोजन 15 एवं 16 जून को कार्यालय सहायक संचालक उद्यान, बायसन लॉज के पास पचमढ़ी में किया जा रहा है। जिसमें पचमढ़ी एवं नर्मदापुरम जिले के निजी क्षेत्र, शासकीय तथा प्राकृतिक रूप से उत्पादित आम की विभिन्न किस्मों से पर्यटकों एवं आमजनों को अवगत कराया जावेगा एवं तकनीकी सेमीनार के माध्यम से आम की खेती के संबंध में विविध तकनीकी एवं अत्याधुनिक जानकारी के साथ आम से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। समस्त कृषकों जन सामान्य एवं पर्यटकों से आग्रह किया गया है कि वे कार्यक्रम में शामिल हो कर आम महोत्सव का लाभ उठाए।

नर्मदापुरम के युवा हुए अग्निवीर के लिए चयनित

कोच कमलेश संतोरे दे रहे प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विगत वर्षों से कोच कमलेश संतोरे द्वारा नर्मदापुरम के युवाओं को अग्निवीर का प्रशिक्षण देकर तैयार किया गया। कोच कमलेश संतोरे ने बताया कि प्रशिक्षण में बेहतर प्रस्तुति देने वाले छात्र छात्राओं का चयन भी किया गया है। जिसमें छात्राओं में पूजा बामने, निर्मला अहिरवार, हर्षिता पटेल, राज बरखाने,आदित्य यादव चयनित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि चयनित अग्निवीरों को कमांडो फिजिकल अकादमी 2017 से सभी स्टूडेंट्स को निःशुल्क ट्रेनिंग दे रही है। विदित हो कि कमलेश संतोरे सर्टिफाइड कोच जो की सभी स्टूडेंट्स को तैयार करते हैं और देश के प्रति सेवा करने का जुनून रखते है और स्पोर्ट टीचर भी है। कमलेश और उसके साथ-साथ कुछ बालीका वर्ग में भी सिलेक्शन दिल्ली पुलिस में फाइनल सिलेक्शन कुछ दिनों बाद ट्रेनिंग पर रवाना होंगे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व किया गया पूर्वाभ्यास

सेठानीघाट पर हुआ रिहर्सल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदांचल में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य समारोह नर्मदापुरम के सेठानीघाट पर किया जाएगा। कार्यक्रम के पूर्व शुक्रवार को नागरिकों ने नर्मदा तट स्थित सेठानीघाट पर योग का पूर्वाभ्यास किया। नर्मदापुरम में सेठानी घाट पर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम होगा। इसके पूर्व शुक्रवार सुबह 7 बजे योग अभ्यास कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल की गई। सुबह 7 बजे से सेठानी घाट में योगाचार्य, छात्र-छात्राएं, समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, विभिन्न संघ एवं व्यापारी संघ के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, अधिकार एवं कर्मचारी, स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने योग के फाइनल कम डाउन रिहर्सल के कार्यक्रम में शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने वाले बच्चों ने खासा उत्साह है। बच्चों ने बताया कि योग करने से मन में स्फूर्ति का अहसास होने से अच्छा लग रहा है।

भाजपा नेता सहित 9 लोगों को मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विगत दिनों पिपरिया न्यायालय द्वारा गेहूं खरीदी घोटाला मामले में 10 लोगों को 7-7 वर्ष की सजा एवं 5-5 हजार रूपए के जुर्माने से दंडित किया गया था। मामले में भाजपा नेता नवनीत सिंह नागपाल सहित जगदीश अग्रवाल, अजय माहेश्वरी, सतीश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, हेमराज चौधरी सहित तीन महिलाएं मार्केटिंग सोसायटी के प्रबंधक राजेन्द्र दुबे दोषी पाए गए थे। शुक्रवार को ग्वालियर खंडपीठ से 9 लोगों को जमानत मिली। जिसमें प्रबंधक को छोड़कर सभी दोषियों को जमानत दी गई है।

विदित हो कि जमानत मिलने के बाद भाजपा नेता नागपाल ने जेल परिसर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात जेल परिसर से बाहर इंतजार कर रहे कार्यकर्ताओं ने अपने नेता नवनीत नागपाल का पुष्पहार से स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन के संचालक, दाल मर्चेन्ट एसोसिएशन, पिपरिया व बनखेड़ी पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं भाजपा के अधिकांश संगठनों के पदाधिकारी व नपा के जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर जुलूस की शक्ल में नागपाल गुरूद्वारे पहुंचे और उन्होंने गुरूद्वारे में माथा टेककर अपने गुरूदेव का आशीर्वाद ग्रहण किया।

समूह की महिलाएं जल कर की करेंगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायतों में प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन दिये गये हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रकी विभाग द्वारा निर्माण कराकर ग्राम पंचायत को योजना हस्तांतरित की जाती है। जनपद पंचायत नर्मदापुरम अंतर्गत 30 योजनायें जो पूर्ण हो चुकी हैं या पूर्णता की ओर हैं ऐसी ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव एवं समूह की महिलाओं का प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभागृह में संपन्न हुई। बैठक में ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दी गई अथवा निकट भविष्य में हस्तांतरित की जाने वाली योजनाओं के सुचारू संचालन, जल कर वसूली के उत्तरदायित्व के निर्वहन हेतु इच्छुक, चिन्हित स्व सहायता समूहों द्वारा किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान जल की शुद्धता व गुणवत्ता मापन के तरीकों के बारे में भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के विशेषज्ञों के द्वारा जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, जिला पंचायत से परियोजना अधिकारी योगेन्द्र राय, सीईओ जनपद पंचातय हेमंत सूत्रकार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से उपयंत्री अनिल शर्मा, शिफा अंजुम सहित 30 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, स्व सहायता समूह की महिलायें एवं पंप आपरेटर सम्मिलित हुए।

अधिकारियों ने किया निरीक्षण, 1 अगस्त से 10 अगस्त रहेगी मेला अवधि

शिव की नगरी नागद्वारी मेले की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला कलेक्टर सोनिया मीना के आदेश उपरान्त नागद्वार मेल क्षेत्र का सर्व विभागीय कंबाइन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के लिए सभी विभाग के अधिकारी सूर्योदय के बाद ही नागद्वारी क्षेत्र के लिए रवाना हो गए थे। सभी विभागों में पीडब्लूड़ी, पीएचई, एमपीईबी, साडा, कैंट, होमगार्ड, पुलिस, के अधिकारी उपस्थित रहे। इस वर्ष नाग पंचमी 9 अगस्त को है जिसको देखते हुए 1 अगस्त से 10 अगस्त तक मेला अवधि निर्धारित की गई है। नागद्वार यात्रा निरीक्षण मेंएसडीएम पिपरिया संतोष तिवारी,तहसीलदार पिपरिया वैभव बैरागी,एसडीओपी मोहित कुमार, वन विभाग एडिशनल डायरेक्टर संजीव शर्मा, पीडब्लूड़ी से कैलाश गुर्दे, एवं साडा, एमपीईबी, पिएचइ के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने निरीक्षण के लिए दिए थे निर्देश

कलेक्टर द्वारा सभा कक्ष में हुई मीटिंग में नागद्वारी मेले को लेकर सभी विभागों को निरीक्षण करने हेतु आदेश दिया गया था। 14 जून को विशेष रूप से जलगली से कलाझाड़ जोड़ नाला हनुमानगिरी चित्र शाला चिंतामणि गुफा स्वर्ग द्वार पश्चिम द्वार नागद्वारी एवं कजरी ग्राम का भ्रमण कर निरीक्षण करने को कहा गया था।

मंडल द्वारा कादरी में स्पेशल मेडिकल कैंप की होगी व्यवस्था

एसडीएम पिपरिया संतोष तिवारी द्वारा बताया गया है कि मंडल ने इस बार काजरी में विशेष मेडिकल कैंप लगाने की अनुमति मांगी है। मेडिकल कैंप में मंडल द्वारा एमबीबीएस एवं एमडी डॉक्टर जो की नागपुर के होंगे उन्हें रखा जाएगा। यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह मेडिकल कैंप आयोजित किया जाएगा। मेडिकल कैंप संपूर्ण मेला अवधि के लिए रहेगा। पिपरिया एसडीओपी मोहित कुमार ने बताया कि नागद्वार क्षेत्र का निरीक्षण सर्व विभागीय अमले द्वारा किया गया है। निरीक्षण के लिए हम सुबह 5:30 निकल गए थे करीबन 12 घंटे की इस यात्रा मैं हमने बारीकी से संपूर्ण मार्ग का एवं संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण किया। पुलिस बल द्वारा जो चेक पॉइंट्स लगाए जाते हैं उनको चयनित किया गया है एवं जरूरत पड़ने पर पूर्व से ज्यादा चेक पॉइंट् सलगाए जाएंगे।पुलिस बल द्वारा मेले के दौरान मटकुली से पचमढ़ी एवं कजरी तथा नागद्वार यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

मौसम विभाग द्वारा अच्छी बारिश के हैं संकेत

भौगोलिक दृष्टि से देखें तो नागद्वार मंदिर चारों ओर पर्वतों से घिरा हुआ है जिसके कारण मंदिर क्षेत्र में ऑक्सीजन कम होती है और ह्यूमिडिटी काफी ज्यादा होती है। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए डाटा को देखें तो अगस्त महीने में अच्छी बारिश के संकेत है। नागदा और मेले में कहा जाता है कि जितनी अच्छी बारिश उतना अच्छा मेला। ज्यादा बारिश होने से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को काफी आसानी होती है एवं गर्मी का एहसास नहीं होता।

विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदाताओं ने जिला अस्पताल में किया रक्तदान

सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने दिया रक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्त दान शिविर आयोजित प्रतिवर्षानुसार शुक्रवार को विश्व रक्त दाता दिवस पर शासन के दिए गए। निर्देशानुसार रक्तदान के प्रेरित करने व जाग रूकता के लिए ब्लड सेन्टर जिला चिकित्सालय एवं भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा स्थानीय स्वयंसेवी संगठन के सभी उपस्थिति अतिथियों एवं पत्रिका समूह द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में उपस्थिति रक्तदाताओं ने रक्त दान करने व करवाने की शपथ ली। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ आरसी प्रजापति एवं सचिव रेडक्रॉस डॉ संजय पुरोहित, डॉ रविकांत शर्मा, जिला रेड क्रॉस चेयरमैन चंद्रगोपाल मलैया, डॉ उमेश सेठा, डीएस दांगी, उदित्त द्विवेदी, हेमन्त चौधरी, नीरजा फौजदार, रेखा कापसे, शेरसिंह बड़कुर की उपस्थिति में शपथ दिलाई। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर रकतदान शिविर का आयोजन सांसद दर्शन चौधरी, सांसद माया नारोलिया, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की उपस्थिति में पत्रिका समूह द्वारा सुरक्षित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 16 लोगों ने रक्तदान किया जिसमें नीरज मिर्जापुर, प्रीति सिंह, सुषमा गुप्ता, मनीष मिश्रा, रामगोपाल चौबे, वंदना समैया, दुर्गेश मिश्रा, रितेश जैन, सौम्या सिंह, आजाद सरवैया, गौतम पटवा, भारत कटारे, योगेश कुशवाहा, यशराज सिंह राठौड़, अनिल आर्य आदि ने रक्तदान किया।

खबर संक्षेप

एक घंटे तक हुई तेज बारिश से

सारनी। शुक्रवार को शाम 5 के बाद आसमान में काले बादल छाए और तेज हवा के साथ तेज बारिश लगभग एक घंटे से अधिक समय तक हुई प्री मानसून का शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार बारिश होने से लगातार हो रही उमस और गर्मी से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को राहत मिलते दिखाई दे रही है। हालांकि मध्य प्रदेश मौसम विभाग की माने तो 16 तारीख के बाद मानसून प्रदेश में सक्रिय हो जाएगा इसकी पूर्व शुक्रवार को बारिश होने से उमस और गर्मी से राहत मिली है।

वाटर हार्वेस्टिंग पहुंच मार्ग की सफाई की

शाहपुर। शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाई द्वारा जल संरक्षण एवं जल संवर्धन हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की छत की सफाई की गई। ताकि छत पर एकत्रित पानी वाटर हार्वेस्टिंग तक सुगम तरीके से पहुंच सके। विद्यार्थियों ने संस्था में पूर्व से निर्मित वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की भी सफाई की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो एमडी वाघमारे ने स्वयंसेवकों से कहा कि पानी के बिना कोई इंसान नहीं रह सकता, लेकिन पानी की बर्बादी को रोकने के लिए युवाओं को कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पानी की हर एक बूंद कीमती है। बारिश की भी एक-एक बूंद को सहज लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जीवित प्राणी चाहे वे मानव हों, पशु हों अथवा पौधों को जीवित रहने के लिए पानी की आवश्यकता होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में भी पाउच पन्नी पॉलिथीन की सफाई की गई इस अवसर पर डॉ संजय बाणकर, प्रो नीतू जायसवाल, डॉ सुभाष वर्मा सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक शामिल थे।

धोबी रजक समाज परिचय सम्मेलन 16 को भोपाल में

सारनी। संत श्री गाड़गे बाबा धोबी रजक समाज सेवा संघ भोपाल के तत्वावधान में अखिल भारतीय युवा युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। संघ के सुभाष कनोजिया ने बताया कि 16वां अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन का आयोजन भोपाल के मानस नगर में 16 जून को 10 से लेकर 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के 53 जिले के लोग इस सम्मेलन में शामिल होंगे। समाज की पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा और इस पत्रिका में विवाह योग्य युवा युवतियों की जानकारी शामिल होगी। कनोजिया ने बताया कि समाज के लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने के उद्देश्य को लेकर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

सीटू यूनियन के प्रतिनिधि मंडल का हुआ गठन

सारनी। लाल झंडा कोल माइंस मजदूर यूनियन सीटू के क्षेत्रीय अध्यक्ष जे विवेकानंद क्षेत्रीय महामंत्री गणेश गुजरे ने सीटू मैं यूनियन का पाथाखेड़ा कोल प्रबंधन से मजदूरों के कार्यो को सुचारू रूप से करवाने के लिए प्रतिनिधि मंडल का चयन किया गया। समन्वय समिति सदस्य (सीटू) जितेन्द्र निरापुरे,परवेज खान, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति में सदस्य एनएम पुनसे, दीपक कोलारे और क्षेत्रीय आवास आवंटन समिति सदस्य शैलेश सुधीर को क्षेत्रीय पदाधिकारी की सहमति से बनाया गया। यूनियन के क्षेत्रीय महामंत्री गुजरे ने बताया कि विभागीय पद होने से संगठन को और मजदूरों के हक अधिकारों के लिए लड़ने में मजबूती मिलती है। इस दौरान बैठक में वेकोलि अध्यक्ष जगदीश डिगरशे, वकल्याण बोर्ड सदस्य कामेश्वर राय उपस्थित रहे ।

एसएमसी अध्यक्षों और शिक्षकों को प्रशिक्षण

शाहपुर। शासन के निर्देशानुसार शालाओं के प्रारंभ होने से पहले पीएम पोषण शक्ति आहार योजना के अंतर्गत भोजन बनाने वाले रसोइयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण जनपद शिक्षा केंद्र में सभी एसएमसी अध्यक्ष एवं रसोइयों को एकलव्य आवासीय विद्यालय के हाल में दिया गया। सभी विकासखंड के रसोइए एवं एसएमसी अध्यक्ष को भोजन संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित करने और भोजन बनाने में साफ सफाई सावधानी का प्रशिक्षण दिया।

मां ताप्ती का चुनरी से श्रृंगार कर दूध से किया जलाभिषेक बैतूल को दी 1008 विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई/बैतूल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति ने मानव जीवन में जल तत्व को सर्वोपरि माना है। संपूर्ण सृष्टि हो या मानव देह सभी में जल ही जीवन का आधार है। जिस प्रकार पृथ्वी की हरितिमा को नदियां जीवन प्रदान करती हैं, उसी प्रकार मानव देह के संचालन में जल की महत्वपूर्ण भूमिका है। मनुष्य के विचारों पर भी जल का बहुत अधिक प्रभाव रहता है। जीवन में जल की महत्ता को स्वीकारते हुए ही प्रदेश में विश्व पर्यावरण दिवस से गंगा दशहरा तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुलताई में उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की इस सभा में लगभग 50 से 55 हजार की भीड़ जमा थी। जैसे जन सैलाब उमड़ पड़ा हो।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व का नंबर वन देश बनाने के लिए प्रदेशवासी कृत संकल्पित हैं। प्रदेश के विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा की जा रही पहल के लिए सभी प्रदेशवासी उनके आभारी हैं। लोकसभा चुनाव में प्रदेशवासियों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति अपने विश्वास को अभिव्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप कोई भी गरीब बिना पक्के मकान के नहीं रहेगा। पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए 3 करोड़ पक्के मकान बनाने जा रही है। हर घर जल और हर नल में जल अभियान भी प्रदेश में जारी है। सभी पंचायतों में नल से जल और हर घर में गैस का चूल्हा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा विशेष पहल की जा रही है। स्थानीय युवाओं को जिले में ही रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैतूल जिले में भी उद्योग लगाने की योजना है।

भगवान राम और श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा

लोकार्पण एवं भूमि पूजन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बैतूल जिले के लिए 347 करोड़ के 1008 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। इसके बाद कन्या पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की।

युवाओं को पायलट का प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य सरकार द्वारा लोक स्वास्थ्य के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीर्थ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा आरंभ की जा रही है, प्रारंभ में दो ज्योतिर्लिंगों, ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर को इस सेवा से जोड़ा जा रहा है। प्रदेश के युवा हेलीकॉप्टर और विमान चलाना सीखें, इस उद्देश्य से आवश्यक प्रशिक्षण व कोर्स आरंभ किए जा रहे हैं, इसके अंतर्गत जिलों में उपलब्ध हवाई पट्टियों का उपयोग युवाओं को पॉयलेट के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए किया जाएगा।

गोशालाओं को अनुदान दोगुना

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम और श्री कृष्ण के प्रदेश में जहां-जहां चरण पड़े हैं, ऐसे प्रत्येक स्थान को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा, ताप्ती धाम का भी विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में गौ माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास माना गया है। राज्य सरकार प्रत्येक गाय की चिंता करने का कार्य कर रही है। गौशालाओं को दिए जाने वाले अनुदान की राशि दोगुनी कर दी।

जल गंगा संवर्धन अभियान में 41.46 करोड़ के हो रहे कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में 212 से अधिक नदियां हैं। बैतूल और आसपास के जिलों में ताप्ती मैया का महत्व माँ गंगा के समान है। जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश की सभी पवित्र नदियों और सभी जल स्रोतों के रखरखाव और उनके संरक्षण को समर्पित है। प्रदेश में अब तक 1 लाख 12 हजार से अधिक लोगों ने इस अभियान में सक्रिय सहभागिता की है। बैतूल जिले में लगभग 41 करोड़ 46 लाख रुपए लागत के जल संवर्धन और जल संरक्षण के कार्य जारी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 39 करोड़ 53 लाख रुपए लागत के 1300 से अधिक कार्य और नगरीय क्षेत्र में एक करोड़ 92 लाख रूपए की लागत के 800 से अधिक कार्य जारी है। मनरेगा के माध्यम से 5 हजार से अधिक कार्य बैतूल जिले में चल रहे हैं। नगरीय क्षेत्र में 114 से अधिक रिचार्जिंग के कार्य भी जारी हैं। जिले में 119 से अधिक कुओं और बावड़ियों पर भी काम किया जा रहा है। जन-जन को जल संग्रहित करने में भागीदार बनने के लिए घर-घर में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, इससे वाटर रिचार्जिंग में मदद मिलेगी और जल संवर्धन में सभी की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

प्रदेश में 5 करोड़ 50 लाख पौधे लगाने का अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ ही प्रदेश में 5 करोड़ 50 लाख पौधे लगाने का अभियान आरंभ किया जा रहा है। पेड़-पौधे ऋषि मुनियों के समान हैं जो हमें जीवन देने के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कवि रहीम के दोहे 'रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सुन' का स्मरण करते हुए पानी के मानव जीवन में महत्व को दर्शाया।

बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मुलताई के आंबेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कलश यात्रा के साथ रोड शो किया गया। कलश यात्रा में 2 हजार महिलाएं उपस्थित थी। कलश यात्रा मां ताप्ती मंदिर पहुंची। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मां ताप्ती का दूध से अभिषेक, महाआरती कर मां ताप्ती का चुनरी से श्रृंगार किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किए हितलाभ वितरित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ताप्ती नदी के उद्गम स्थल बैतूल जिले के मुलताई पहुंचे। डॉ. यादव ने सूर्यपुत्री मां ताप्ती के तट पर पूजा अर्चना कर ताप्ती माता को चुनरी चढ़ाई। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने बैतूल जिले के 347 करोड़ रुपए की लागत के 1008 कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रोड शो में भी शामिल हुए, उनका मासोद रोड स्थित हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुराना नागपुर नाका, अंबेडकर चौक से भव्य कलश यात्रा के साथ ताप्ती तट के महा आरती द्वार पहुंचे, उन्होंने ताप्ती तट पर मां ताप्ती के दर्शन किए तथा जलाभिषेक कर स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। मुलताई स्थित उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पहुंचे तथा आजीविका महिला स्व समूह सहित विभिन्न विभागों द्वारा विकास और जनकल्याण गतिविधियों पर लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। शासकीय योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए। सभा को केन्द्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजा पंवार, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक श्री चंद्रशेखर देशमुख, भैंसदेही विधायक श्री.महेन्द्र सिंह चौहान, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

जनपद सदस्यों व बैतूल के दैवेभो ने सौंपा ज्ञापन

मुलताई जनपद कार्यालय में हरे भरे वृक्षों को काटकर पांच दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। जिसको लेकर जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 22 बबीता हरेंद्र उपराले एवं अन्य जनपद सदस्यों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप जनपद कार्यालय के सामने बने बरसों पुराने जनपद कार्यालय की शोभा बगीचे को तोड़कर बनाए जा रहे हैं पांच दुकानों के भुगतान पर रोक लगाकर संपूर्ण मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के मुलताई नगर आगमन पर नगर पालिका परिषद बैतूल के दैनिक वेतन भोगी एवं संविदा कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने अपनी नियमितीकरण की मांग करते हुए कहा कि वे पिछले 17-18 वर्षों से निरंतर महत्वपूर्ण कार्यों में जुटे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें स्थायी नहीं किया गया है।

टेंट से निकल रही महिला को लगा करंट

आमसभा समाप्ति के बाद बारिश के दौरान आमसभा स्थल के पिछले भाग में लगे कूलर के पास से टेंट से निकल रही बरखेड़ निवासी सकुन चिंदया साहू 62 वर्ष एवं रूपाली साहू 12 वर्ष को करंट लग गया। उसे तत्काल एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसका उपचार किया गया। महिला और बालिका दोनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

डमरू पार्टी रही आकर्षण का केंद्र

मुख्यमंत्री के अगवानी के लिए महाकाल की नगरी उज्जैन से बुलाई गई जय महाकाल डमरू पार्टी आकर्षण का केंद्र नहीं। 15 युवकों की इस डमरू टीम के प्रदर्शन को सभी ने सराहा।

ताप्ती लोक पर कुछ नहीं बोले मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जिले में प्रथम आगमन मुलताई होने को लेकर अनेक मायने निकाले जा रहे थे। यह माना जा रहा था कि पूर्व में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई ताप्ती कॉरिडोर की घोषणा का क्रियान्वयन प्रारंभ हो सकता है। या ताप्ती विकास को लेकर कोई महत्वपूर्ण घोषणा हो सकती है । यह भी चर्चा थी कि पॉलिटेक्निक कॉलेज की घोषणा हो सकती है या मुख्यमंत्री कुछ बड़ी सौगात नगर को दे जाएंगे किंतु इस संबंध में मुख्यमंत्री ने कोई आश्वासन नहीं दिया। उन्होंने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर ग्राम पंचायत में गोशाला का निर्माण होगा। जिले में युवाओं को रोजगार उपलब्ध करने की योजना बनाई जाएगी।

सोमनाथन कमेटी की रिपोर्ट और पेंशनरों के निर्णयों पर होगी चर्चा

सेवा निवृत्त कर्मचारी संघ एसएमएस की बैठक आज

बैतूल। कोयला खदान सेवा निवृत्त कर्मचारी संघ एसएमएस की बैठक शनिवार को सुबह 11 बजे शहीद भवन में होगी। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष दिनकर साहू करेंगे और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।दिनकर साहू ने बताया कि टी.वी. सोमनाथन कमेटी की रिपोर्ट भारत सरकार को 2023 में सौंप दी गई है, और इसकी कॉपी प्राप्त हो चुकी है। इस रिपोर्ट के बारे में विस्तृत जानकारी बैठक में दी जाएगी। इसके अलावा, 11 जून को ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन की जूम मीटिंग में लिए गए निर्णयों की भी जानकारी दी जाएगी।साहू ने बताया कि 31 जनवरी 2024 को कोल सचिव बरार से चर्चा के दौरान उन्होंने मार्च में पेंशनरों की समस्याओं पर पूर्ण विचार कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया था। इन सभी बातों को बैठक में विस्तार से बताया जाएगा। पेंशनरों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त करने की अपील की गई। बैठक में डी.के. साहू (अध्यक्ष), डी.आर. झरबडे, माणिकराव कापसे (उपाध्यक्ष), अजय सिंह राजपूत, दिनेश कुमार शर्मा, रामदास पंडाग्रे, नागोराव वागदरे, शिवदयाल चौकीकर, रायमल वरवड़े आदि उपस्थित रहेंगे।

आज से 20 जून तक आयोजित होगा शिविर

पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा आज से दिया जाएगा निशुल्क योग प्रशिक्षण

बैतूल। पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आज 15 जून से 20 जून तक प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 7 बजे तक छत्रपति शिवाजी महाराज ओपन ऑडिटोरियम और कर्मा मंगल भवन कालापाठा बैतूल में आयोजित होगा। न्यास के जिला प्रभारी सुनील कुबड़े ने सभी नागरिकों से इन शिविरों का लाभ लेने का आव्हान किया है। उन्होंने बताया कि ऑडिटोरियम में संगठन के युवा प्रभारी हितेश पटेल और योग शिक्षक रामदयाल बोरबन प्रशिक्षण देंगे, जबकि कर्मा मंगल भवन में सुनील कुबड़े और प्रीति साहू द्वारा योग प्रशिक्षण दिया जाएगा।इसके अलावा, पूरे जिले की अलग-अलग तहसीलों में भी पतंजलि योग समिति द्वारा योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य योग के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व को बताना है।पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा आयोजित इन निशुल्क योग शिविरों का लाभ उठाकर नागरिक अपने स्वास्थ्य में सुधार ला सकते हैं और योग के महत्व को समझ सकते हैं।

न्यायाधीश, जनप्रतिनिधियों ने रैली की रवाना

रक्तदान पर रक्तक्रांति कार्यक्रम एक अभिनव प्रयास : खंडेलवाल

बैतूल। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर बैतूल में रक्तदान जागरूकता के लिए विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का आयोजन ताप्ती दर्शन, मां शारदा सहायता समिति, अग्रवाल समाज बैतूल, जिला औषधि विक्रेता संघ बैतूल, प्रत्याशा महिला संघ, पत्रिका, और राजपूत समाज के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। रैली की शुरुआत जिला चिकित्सालय से झांकियों, डीजे, बाजे, और मशाल के साथ की गई। रैली को बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा बाई उइके, नगरपालिका की अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक बारंगा, और डॉक्टर डब्लू ए नागले ने पूजा कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम संयोजक संजय शुक्ला, शैलेंद्र बिहारिया, और पंजाबराव गायकवाड ने बताया कि रैली के शुभारंभ पर मशाल थामकर हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि बैतूल जिले में रक्तदान को लेकर रक्तक्रांति आई है और यह कार्यक्रम एक अभिनव प्रयास है। रैली में मशाल के साथ रक्तदान की झांकी, सैनिक संघ की झांकी, और हाथों में रक्तदान के झंडे व तख्तियां लेकर लोग चल रहे थे। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह रक्तवीरों का जोरदार स्वागत किया गया।

रक्तक्रांति सम्मान समारोह

शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में रक्तदान समितियों को प्रोत्साहित करने के लिए भव्य रक्तक्रांति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रगान से मंचीय कार्यक्रम का आगाज हुआ, जहां प्रमोद अग्रवाल, मंजीत सिंह चौहान, सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक बारंगा, ब्लड बैंक अधिकारी डॉक्टर अंकित श्रीवास्तव, प्रशांत गर्ग, डॉक्टर कृष्णा पाटनकर, हेमंत बत्रा, सुदामा सूर्यवंशी, निर्मला सोनी, रमेश बोरखाड़े, जिला विधिक सचिव डॉक्टर महजबीन खान, मां शारदा समिति के संरक्षक संजय शुक्ला, अध्यक्ष पिंकी भाटिया, पंजाबराव गायकवाड, महिला अध्यक्ष तूलिका पचौरी आदि उपस्थित थे।

नपा के जिम्मेदार निर्माण कार्य से अंजान

बिना अनुज्ञा के मेन मार्केट में खड़ी हो गई 4 मंजिला बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

नगरीय क्षेत्र में भवन बनाने के संबंध में शासन ने कुछ मानक तय किए हैं। जिनका पालन करवाना नगरपालिका की जिम्मेदारी है। आमला में बनने वाले भवन में अक्सर कोई परमिशन नपा से लिए बिना ही बिल्डिंग तान रहे हैं। जिससे नपा को आर्थिक नुकसान हो रहा है और जिम्मेदार को इसकी कोई चिंता नजर नही आती हैं।

आमला के बीच मार्केट में प्रहलाद क्लीनिक के आसपास कहीं 3 तो कहीं 4 मंजिल नवनिर्मित कमर्शियल दुकान बनकर तैयार हो रही हैं। दरअसल भवन बिल्डिंग का काम शुरू करने से पहले नपा से कंसल्टेंट इंजीनियर से निर्माण का नक्शा बनाकर उसे नपा से पास करवाना होता है। जिसमे भूमि विकास शुल्क, परमिशन शुल्क, फायर एनओसी, वाटर हार्वेस्टिंग, सहित अन्य प्रक्रिया को पूर्ण करने के पश्चात बिल्डिंग निर्माण करने का प्रावधान है। लेकिन आमला नपा के जिम्मेदार नियम का डंडा चलाते नजर नहीं आते हैं। नगरपालिका आमला में कर्मचारियों को अपना वेतन नपा समय पर नहीं दे पा रही हैं।

इनका कहना है

आपके द्वारा जानकरी मिली है मामले को दिखवाता हूं।

प्रकाश देशमुख, प्रभारी सीएमओ नपा आमला

बिना अनुज्ञा के बिल्डिंग बनाने वालों को नोटिस भेजा जाएगा

गणेश हारोड़ेटाइमकीपर नपा आमला

जल गंगा संवर्धन अभियान में वार्ड 23 के कुएं की सफाई की

बिना मुंडेर के कुएं को बागड़ लगाकर किया सुरक्षित

सारनी। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए शुक्रवार को श्रमदानियों के साथ सुबह 8 बजे से वार्ड 23 स्थित सार्वजनिक कुएं की श्रमदान से सफाई की गई। बिना मुंडेर के इस कुएं की सफाई के बाद बागड़ लगाकर सुरक्षित किया गया।मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा जलस्त्रोतों के संवर्धन एवं पुनर्जीवन के लिए सतत अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 23 के सार्वजनिक कुएं की श्रमदान कर सफाई की गई। वार्ड के लोग उक्त कुएं के पानी का उपयोग निस्तारी के लिए करते हैं। सुबह 8 बजे से 11 बजे तक श्रमदान कर सफाई का कार्यक्रम चला।

इस मौके पर वार्ड 23 की पार्षद अनिता बेलवंशी,उपयंत्री रविंद्र वराठे,कमलेश पटेल समेत अन्य लोग उपस्थित थे। कुएं के आस-पास लगी घास, झाड़ियों को श्रमदान से सफाई की गई। कुआं काफी पुराना है एवं इस पर मुंडेर नहीं है। इसलिए इसके आसपास बांस, बल्लियों की मदद से बागड़ तैयार की गई। इस अवसर पर सभी को पानी संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

अतिथियों ने विजेता-उपविजेता टीमों को बांटे पुरस्कार

सोनू फैंस क्लब ने वैलेस 7 से जीता मुकाबला

स्व. विजय कुमार खंडेलवाल की स्मृति में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट विधायक कप का समापन

सारनी। स्व.विजय कुमार खंडेलवाल की स्मृति में पप्लास्टिक बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट विधायक कप का समापन किया गया। मुख्य अतिथी किशोर बरदे, विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिह ने आयोजन समिति व खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की स्व. विजय कुमार खंडेलवाल की स्मृति में विधायक कप प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता पिछले चार वर्षो से आयोजित की जा रही है। कोयलाचत क्षेत्र व सारनी के प्रतिभामान खिलाड़ी पूरे जिले ही नहीं मध्यप्रदेश में क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है। अतिथियों ने विजेता, उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर चौकी प्रभारी दिलीप यादव, जीपी सिंह, पूर्व नपा उपाध्यक्ष भीम बहादुर थापा, वार्ड पार्षद पप्पू मानकर, दिलीप विश्वकर्मा, गजानन्द रघुवशी, शुभम भूमरकर विशाल रघुवंशी उपस्थित थे।

महामुकाबला वैलेस 7 और सोनू फैंस क्लब के बीच खेला गया। जिसमे सोनू फैंस

क्लब ने 7 ओवर में 46 रन का लक्ष्य दिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 ओवर में वैलेस 7 ने 38 रन ही बनाए पाए। जिसमें मैन ऑफ द मैच प्रहलाद सोना रहे और बेस्ट बॉलर अजय पवार बेस्ट फिल्डर चिक्कू बेस्ट बेस्टमेन अजय विश्वकर्मा मैन आफ द सीरिज अजय पवार रहे। इसके पहले सेमीफाइनल जीएमएस और सोनू फैंस क्लब के बीच खेला गया। जिसमें सोनू फैंस क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर 53 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जीएमएस ने 44 रन पर ऑल आउट हो गई।

इटारसी वन परिक्षेत्र में रांझी और तवानगर सर्किल में होगा कार्यक्रम

प्रकृति और वनों को हरा-भरा रखने बारिश में 65 हजार पौधे रोपित होंगे

वनों को हरा भरा रखने कैम्पा योजना के तहत इटारसी वन परिक्षेत्र में रांझी और तवानगर सर्किल में इस बारिश 65 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है।

- नर्सरी से पौधे आये, वन विभाग कर रहा है अच्छी बारिश होने का इंतजार
- वन विभाग की कैम्पा योजना के तहत पौधे लगाए जाएंगे विभिन्न प्रजाति के पौधे

इन पौधों का होगा रोपण

कैम्पा योजना के तहत रांझी और तवानगर सर्किल में सागौन, बांस, नीम, हर्रा, बहेड़ा, चिरोंजी, करंज, आंवला सहित अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा। विभाग मानसून आने का इंतजार कर रहा है, जब अच्छी बारिश होने लगेगी तब पौधरोपण का काम प्रारंभ कराया जाएगा। इतनी बड़ी संख्या में पौधे रोपने के लिए गड्ढे खोदे जा रहे हैं। जिन क्षेत्रों में आग, हवा से ज्यादा नुकसान हुआ है ऐसे बिगड़े वनों के विकास के लिए वर्षाकाल में पौधे लगाकर पूर्ति की जाएगी। यह प्रक्रिया सबसे पहले मानसून आने के साथ ही वर्षा शुरू होने पर की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता व वातावरण को शुद्ध रखने वन विभाग हर वर्ष वन क्षेत्र में होने वाले वनों के विनाश की पूर्ति के लिए पौधरोपण करता है। वनों में पौधे लगाने का कार्य मानसून आने पर ही होता है। इस बार विभाग की ओर से इटारसी रेंज के जंगलों को हरा-भरा बनाए रखने के लिए करीब 65 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है, और इसकी तैयारियां चल रही हैं। पौधे आ चुके हैं, गड्ढे खुदाई के बाद बारिश होने पर इनको रोपने का काम विभाग प्रारंभ कर देगा। वन विभाग की कैम्पा योजना के तहत पौधे लगाए जाएंगे। पौधे लगाने के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। इटारसी वन परिक्षेत्र के रांझी और तवानगर सर्किल में पौध रोपण होगा, जिसकी तैयारियां चल रही हैं। इन सभी जगह पर मिश्रित प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे जो पर्यावरण की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण होते हैं।

बैतूल नर्सरी से आए पौधे

नर्मदापुरम की किसी नर्सरी में इतनी बड़ी संख्या में पौधे उपलब्ध नहीं हैं, यहां सभी नर्सरी छोटी हैं। यही कारण है कि विभाग को भोपाल, बैतूल आदि से पौधे मंगाने पड़ते हैं। इस बार विभाग ने बैतूल नर्सरी से करीब 65 हजार पौधे मंगाये हैं जिनकी सप्लाई आ चुकी है। फिलहाल उनको पानी आदि देकर उनकी देखभाल की जा रही है। जब तक अच्छी बारिश शुरु नहीं होगी, पौधरोपण करने का औचित्य नहीं है, अतः विभाग बारिश का इंतजार कर रहा है, अच्छी बारिश होने पर पौधों को पानी देने की जरूरत नहीं होती है और उनके जीवित रहने की संभावना अधिक होती है।

इनका कहना है

इस वर्ष रांझी और तवानगर सर्किल में पौधरोपण होना है। बैतूल जिले की नर्सरी से पौधे मंगाये जा चुके हैं, अच्छी बारिश होने का इंतजार है, उसके बाद पौधरोपण का काम प्रारंभ किया जाएगा। यहां 65 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है।

हरिओम मनु, रेंजर इटारसी

बुनियादी साक्षरता के लिए स्कूल में हुआ कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

जनपद शिक्षा केंद्र सिवनी मालवा ने मिशन अंकुर के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान एफएलएन की कार्यशाला का आयोजन शासकीय नवीन हाई स्कूल भवन सिवनीमालवा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआरसी संगीता यादव ने की तथा कार्यशाला निरीक्षण जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम से एपीसी वित्त सुरेंद्र वासनिक एवं एपीसी विनोद केरकेट्टा द्वारा किया गया एवं उनके द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों का मार्गदर्शन एवं शासन की योजनाओं, उद्देश्यों से अवगत कराया। कार्यशाला में एफएलएन मास्टरट्रेनर द्वारा बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान की अवधारणा पर पुनः मार्गदर्शन एवं समस्याओं का निराकरण किया गया कार्यशाला में प्राचार्य सुरेंद्र पाटिल, बीएसी कमलेश यादव, बीएसी संतोष कुमार शर्मा, एफएलएन प्रभारी ने कार्यशाला में स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम के लिए प्रेरक पंजीयन हेतु सभी उपस्थित शिक्षकों को निर्देशित किया। एफएलएन सहयोगी नितिन दुबे ने समस्त शिक्षकों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया कार्यशाला में समस्त सीएसी एवं विकासखंड से कक्षा 1,2,3 पढ़ाने वाले शिक्षक उपस्थित रहे।

नपा अध्यक्ष ने किया कार्यालय का औचक निरीक्षण

इटारसी। शुक्रवार दोपहर 3 बजे नगरपालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें 18 अधिकारी कर्मचारी कार्यालय से अनुपस्थित मिले। जिस पर नगरपालिका अध्यक्ष ने सभी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों में 5 इंजीनियर सहित अन्य हैं। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि लगातार शिकायत मिल रही थी कि कार्यालय खाली रहता है, जिससे यहां आने वाले नागरिकों को परेशानी हो रही थी। सभी को अनुपस्थित रहने वालों वैध कारण बताना होगा। वैध कारण नहीं बताने पर एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं मीनाक्षी चौधरी, सहायक यंत्री, आदित्य पाण्डेय, उपयंत्री, सोनिका अग्रवाल उपयंत्री, मुकेश जैन, उपयंत्री,सुरेन्द्र रावत उपयंत्री,राजेन्द्र मालवीय, सहायक ग्रेड 03,खुमान सेन सहायक ग्रेड 03,अनुराग रावत, कम्प्यूटर ऑपरेटर, रामकिशन कोरी, सहायक ग्रेड 03, दीपिका सिलावट, राजेश श्रीवास्तव स्थाईकर्मी, प्रेमसखी कूपर स्थाईकर्मी, प्रशांत दुबे स्थाईकर्मी, विनोद पगारे, स्थाईकर्मी, रोहित कलोशिया, सहायक ग्रेड 03,मधुर पागे, लिपिक,प्रमोद माधव, सहा. राज. निरीक्षक,शुभम भारद्वाज, कम्प्यूटर आपरेटर शामिल हैं।

टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में शुभ मंगल टीम बनी चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गांधी मैदान में इटारसी प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शुभ मंगल चैम्पियन ने जीता। उप विजेता बावेजा प्रॉपर्टी की टीम रही। विजेता टीम को अनिल मिहानी की ओर से 21 हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी अपने पिताश्री किशनचंद मिहानी की स्मृति में तथा उपविजेता को रोहित बावेजा की ओर से उनके पिताश्री प्रमोद बावेजा की स्मृति में पुरस्कृत किया गया। कमेंट्रेटर राकेश पांडेय सहित फ्रेंचाइजी संचालकों का भी सम्मान किया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे और आयोजन समिति के उपाध्यक्ष अनिल राठी, कुलभूषण मिश्रा ने प्रदान किये। विजेता और उपविजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को स्मृति चिह्न प्रदान किये गये। मैच प्रारंभ होने से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने सभी खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त कर शुभकामना देते हुए खेल भावना का परिचय देने को कहा। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह शहर में खेल के माहौल को बढ़ावा देने का अच्छा प्रयास है। इस मौके पर लखन बैस, राजेन्द्र सिंह तोमर, मोहम्मद जाफर सिद्दीकी, मेहरबान सिंह चौहान, संदेश अग्रवाल, सन्नी छाबड़ा, अभिषेक मिहानी, जयराज सिंह भानू सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन राकेश दुबे ने किया।

ये दिये गये पुरस्कार

बेस्ट टीम का पुरस्कार सांवरिया लॉयन, बेट्समेन विवेक वर्मा, बेस्ट बॉलर, फाइनल का मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरिज नीतिश सिंह और प्लेयर ऑफ द सीरिज राहुल सोलंकी, सेमीफाइनल के मैन ऑफ द मैच अजय चौधरी और राहुल सोलंकी, बेस्ट विकेट कीपर सौरभ चौधरी, बेस्ट कैस गोल्डी, बेस्ट फील्डर मुकुंद पांडेय। अम्पायरों को भी सम्मानित किया जिनमें मनीष सेतपलानी, मोहसिन कुरैशी, अतुल राठौर, सुमित परदेशी, विवेक दुबे, लाली। कमेंट्रेटर राकेश पांडेय, अयम दुबे, स्कोरर गोल्डी और इमरान।

जिला शिक्षा अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् नगर इकाई द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया गया जिसमें विद्यार्थी परिषद् द्वारा कुछ विशेष विषयों की मांगे की जिसमें जिले में कई निजी स्कूल संचालक अपनी मनमानी कर खराब बाहन एवं प्राइवेट (निजी) बाहनो से छात्रो का आवागमन करवा रहे है एवं ना ही इनके पास पार्किंग इत्यादि मूलभूत आवश्यकता उपलब्ध है जो कि अनुचित है। जिले में कई निजी स्कूल संचालक म.प्र. शासन द्वारा बनाये नियमो का साफ़ साफ़ उल्लंघन कर रहे हैं।

एनसीआरटी की पुस्तको का उपयोग ना करना एवं पुस्तको पर दुकानदारों से कमीशन खोरी का कार्य निरंतर किया जा रहा है तथा अविभावको से स्कूल द्वारा सुनिश्चित दुकानों से ही पुस्तक लेने का दबाब बनाया जा रहा है। विद्यालयों में कई निजी स्कूल संचालक विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म प्रति दो वर्ष में परिवर्तन कर देते है, एवं उनका भी क्रय हेतु निश्चित दुकान तय करना मनमानी है। जिले भर में निजी स्कूल संचालक अविभावको से मनमानी फीस वसूल रहे हैं, यह हर साल अपनी फीस बिना सरकारों नियमो का पालन ना करके हर साल फीस में बढ़ोतरी करते जा रहे है एवं अविभावको किन सुविधाओ के लिए फीस दे रहे है उसका भी मापदंड उन्हें नहीं बताया जा रहा है। जिले भर में संचालित ऐसे कई विद्यालय है जो शासन द्वारा मान्यता के लिए निर्धारित मापदंडो के दायरे में नहीं है फिर भी स्कूल संचालित हो रहे हैं ऐसे स्कूलो की जांच कर कार्यवाही की जावे। जिसमें नगर मंत्री सौरभ प्रजापति द्वारा ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रिया वर्मा, नगर उपाध्यक्ष कार्तिक कुमार मेहरा, नगर कार्यकर्ता अदिती दीक्षित, राजा मेहरा, लक्ष्य ठाकुर के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एबीपीबी और नपा ने की तालाब की साफ़ सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखन नगर

नगर पालिका व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा आज जल सम्मेलन के तहत साफ सफाई का कार्य किया गया नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहा है। जल सम्मेलन में हर दिन एक संस्था या एक संगठन के साथ जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण हेतु 5 जून से 16 जून तक कार्यक्रम किया जा रहे हैं जिसमें आज विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता माखन नगर श्मशान घाट पानी की टंकी के बाजू में स्थित तालाब पर कार्यकर्ता पहुंचे और तालाब के अंदर से झाड़ियां कचरा कूड़ा साफ कर श्रम दान किया गया जिसमें नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ-साथ सीएमओ जीएस राजपूत मुख्य रूप से उपस्थित रहे साथ ही पार्षद गण विद्यार्थी परिषद से नगर मंत्री सौरभ प्रजापति नगर उपाध्यक्ष कार्तिक कुमार मेहरा, राजा मेहरा, लक्ष्य ठाकुर, अरुण अहिरवार, राजा मालवीय, अदिति दिक्षित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संख्या ज्ञान के लिए हुआ कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

शुक्रवार को साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला नीव का आयोजन शा. कन्या उत्कृष्ट विद्यालय माखन नगर में किया गया। इसमें विकासखंड के समस्त प्राथमिक शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण में जिला शिक्षा केंद्र से एपीसी डॉ विनीत साहू द्वारा एफएलएन पर प्रकाश डाला गया। एवं अनेक नवाचारों के प्रयास के लिए दिशा निर्देश दिए गए। इसमें सभी विषयों के मास्टर ट्रेनर, बीएसी, सीएसी और बीआरसी की पूरी अकादमिक टीम उपस्थित रही। गणित एमटी अमजद खान सीएसी द्वारा एफएलएन में सीखने के सिद्धांत सीसीपीए, यूडीएल पर विस्तृत जानकारी दी गई।

मानसून में जल भराव से बस्तियों को बचाने की कवायद जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मानसून समीप है, ऐसे में शहर की कुछ निचली बस्तियों में जल भराव का इतिहास को देखते हुए प्रशासन पूर्व तैयारियों में जुटा है। प्रशासन ने उन क्षेत्रों का निरीक्षण किया जहां से जलभराव की संभावना होती है, इसे कैसे रोका जाए, इसकी योजना तैयार करने एक बैठक भी आयोजित की गई। एसडीएम टी प्रतीक राव और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा ने बाढ़ संभावित क्षेत्र का दौरा करके जहां से पानी आकर बाढ़ की स्थिति निर्मित करता है या जहां जलभराव होता है, ऐसे क्षेत्र देखे। अधिकारी सीपीई गेट के पास, घाटली रपटा, गोंडी मोहल्ला और अवाम नगर पहुंचे तथा वहां देखा कि कैसे इन क्षेत्रों में लोगों को बाढ़ से बचाव करके राहत दी जा सकती है। नगर के ऐसे क्षेत्रों का निरीक्षण करने के बाद एसडीएम कार्यलय में एक बैठक भी आयोजित की गई जिसमें जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत, एसडीएम टी प्रतीक राव, तहसीलदार सुनीता साहना, शासकीय अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी, तवा परियोजना के अधिकारी शामिल हुए। सभी को अति वर्षा की स्थिति में आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए गए और अभी तक की तैयारियों एवं बचाव की तैयारी की जानकारी ली गई।

टैंकर में मोटर लगाई तो होगी जब्त, ऑपरेटर पानी बंटवाने साथ जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर के कुछ वार्डों में आ रही पेयजल समस्या और कतिपय लोगों द्वारा मनमाने तरीके से जल वितरण के वक्त टैंकर चालकों पर दबाव बनाकर टैंकर में मोटर लगाने की घटना को नगर पालिका ने गंभीरता से लिया है। अब टैंकरों से जल वितरण के वक्त उस वार्ड के पंप आपरेटर साथ रहेंगे। यदि किसी ने टैंकरों में मोटर लगाई तो मोटर जब्त कर ली जाएगी। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और सीएमओ रितु मेहरा ने शिकायत वाले क्षेत्र पीपल मोहल्ला पंप पर जाकर की टैंकर से पानी वितरण की समीक्षा की। यहां बड़ी संख्या में टैंकर आने से उनको भरने और वार्ड में पहुंचने में देरी हो रही है, अतः अब नगर पालिका ने पुरानी इटारसी में एक निजी ट्यूबवेल से भी पानी लेने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि गर्मी बढने के साथ ही जलस्तर काफी नीचे चले जाने से कुछ वार्डों में गंदे पानी की समस्या आ रही है तो कुछ वार्डों में नलकूप से पानी ही नहीं आ रहा है। नगर पालिका शहर के करीब आधा दर्जन वार्डों के कुछ हिस्सों में पानी की सप्लाई टैंकर के माध्यम से कर रही है। इस कार्य में अभी 13 टैंकर लगे हुए हैं। टैंकर से पानी वितरण में रोज आ रही शिकायतों और हो रहे विवादों के कारण नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और सीएमओ ऋतु मेहरा ने पानी वितरण की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह 15 जुलाई को

पिपरिया। जनपद पंचायत एवं नगर पालिका परिषद के माध्यम से 15 जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत विवाह का आयोजन किया जाएगा। संस्था के सदस्य विजय आदिवासी सामाजिक न्याय संस्था से मधु तिवारी ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मां खातरकर के निर्देशन में 15 जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत गाड़ियों के विवाह का आयोजन प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें 10 जुलाई तक हितग्राहियों के आवेदन लिए जाएंगे। उसके पश्चात आवेदन नहीं लिए जाएंगे क्योंकि उसके पश्चात आवेदन कंप्यूटर पर चढ़ाई जाएंगे और 15 जुलाई को निर्धारित स्थान पर विशाल सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा।

ग्राम पंचायत में हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बांसखेड़ा में भारतीय जनता पार्टी के सतपाल पलिया एवं ग्राम पंचायत की सरपंच तथा ग्राम वासियों एवं ग्राम पंचायत सचिव सहित ग्राम पंचायत के सभी पंच एवं महिला मोर्चा युवा मोर्चा सहित तमाम लोगों के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत में तालाब खुदाई एवं ग्राम की साफ सफाई तथा पुराने कुएं बावड़ी आदि की साफ सफाई की गई खेतों में मेल वंदन की साफ सफाई की गई तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ग्राम की बहू बेटियों भाइयों ने अपनी भूमिका अदा करते हुए सतपाल पलिया ने कहा कि भाजपा सरकार हरगांव हर वर्ग हर विकास के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इसी तरह से ग्राम पंचायत पनारी के सरपंच सविता प्रीतम सिंह पुरवइया एवं बनवारी ग्राम पंचायत की सरपंच रीना खूबचंद रघुवंशी जिला भाजपा नेता अरविंद राय ब्रजकिशोर जिला सदस्य नव अंकुर संस्था के तमाम पदाधिकारी एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी विधायक ठाकुरदास नागवंशी तमाम सामाजिक कार्यकर्ता एवं सभी ने मिलकर अलग-अलग ग्राम पंचायत में कार्य किया है।

छत्रपति शिवाजी महाराज बस स्टैंड पर हुआ कार्यक्रम

सांसद व विधायक ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नवनिर्वाचित सांसद दर्शन सिंह चौधरी के प्रथम नगर आगमन पर नगरपालिका परिषद इटारसी द्वारा उनके हाथों से छत्रपति शिवाजी महाराज बस स्टैंड पुरानी इटारसी पर पौधरोपण कराया गया। पौधरोपण के दौरान मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बस स्टैंड के पीछे के हिस्से में घनी छावं के लिए नीम के 10 पौधे ट्री गार्ड सहित लगाए गए। यहां मीडिया से चर्चा करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि 20 वर्ष पहले की इटारसी और आज की इटारसी की तुलना करें तो यह बदलाव विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के कारण आया है, यहां उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं उन्होंने नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के कार्यों की भी सराहना की। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि इस वर्ष वाटर हार्वेस्टिंग पर तेजी से काम किया जा रहा है, पौधरोपण भी काम किया जाएगा।

सीएमओ रितु मेहरा ने कहा कि शहर में पौधरोपण बडी संख्या में होगा, यहां बस स्टैंड पर भी पौधों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे मौजूद हैं। पौधरोपण के दौरान सीएमओ रितु मेहरा, एमजीएम कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, भाजपा सभापति व पार्षद राकेश जाधव, मंजीत कलोसिया, जिमी कैथवास, दिलीप गोस्वामी, राहुल प्रधान, पार्षद प्रतिनिधि रमेश धूरिया, शिव नारायण चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, भाजपा नगर महामंत्री राहुल चौरे, पुरानी इटारसी महामंत्री गोविंद मेहतो, आशीष मालवीय, जिला मंत्री युवा मोर्चा गोपाल शर्मा, रिषभ चौहान, किसान मोर्चा अध्यक्ष पप्पू पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ चौधरी, सोहन चौहान, अंकित मेहतो, विजय भंगाले, अशोक आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

पिस्टल से फायर कर घायल करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया

खंडवा। खालवा पुलिस ने 2 जून 2022 को घटित एक घातक हमले के मामले में प्राथमिक जांच करते हुए दो अज्ञात आरोपियों को गिरफ्तार किया। घटना में फरियादी को जान से मारने की नियत से एक देशी पिस्टल से पेट में गोली मारी गई थी, जिससे उसे चोट पहुंची थी। फरियादी की सूचना पर अपराध की प्राथमिक रिपोर्ट की गई और अज्ञात आरोपियों की खोज शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन में और एसडीओपी हरसूद के मार्गदर्शन में तकनीकी साक्ष्य व अन्य साक्ष्य के आधार पर, आरोपियों की निवृत्ती ऊर्फ भगवान, आकाश पिता अशोक, और अब्बास ऊर्फ चंद को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक देशी पिस्टल और एक मोटर साइकिल जप्त किए गए हैं। आरोपियों ने पैसों के लेन-देन के कारण पिस्टल से जान से मारने की नियत से फायर किया था। आरोपियों को 12 जून को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और उन्हें जेल भेज दिया।

कॉलेज में प्रवेश के लिए 17 तक होगा पंजीयन

हरदा। डिप्लोमा इंजीनियरिंग में सत्र 2024- 25 में प्रवेश हेतु तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने प्रथम चरण की समय सारणी घोषित कर दी है। प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा ने बताया कि समय सारणी अनुसार दसवीं उत्तीर्ण किए हुए विद्यार्थी 17 जुलाई रात्रि 11:45 बजे तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के बाद ऑनलाइन सत्यापित उम्मीद्वारों के लिये रजिस्ट्रेशन में केवल एक बार सुधार की सुविधा 18 से 19 जुलाई की रात्रि 11:45 बजे तक रहेगी। इसी प्रकार इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की सुविधा 2 जुलाई से 21 जुलाई रात्रि 11:45 बजे तक रहेगी।

मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने वालों पर लगाया 51 हजार जुर्माना

हरदा। कलेक्टर के निर्देश पर शुक्रवार को परिवहन विभाग के दल ने हरदा हंडिया मार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के वाहनों यात्री बस, ऑटो रिक्शा, लोडिंग वाहन तथा डम्पर वाहनों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने पर 3 ओवरलोड डंपर एवं 7 अन्य वाहनों से नियमानुसार चालानी कार्यवाही कर शमन शुल्क 51000 वसूल किया गया। साथ ही वाहन चालकों को नियमपूर्वक वाहन संचालन की हिदायत दी गई।

होटल व रेस्टोरेंट्स से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

हरदा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के दल ने शुक्रवार को हरदा शहर खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिए। इस दौरान हरदा शहर के माँ रेवा रेस्टोरेन्ट व न्यू कान्हा रेस्टोरेन्ट से पोहा, जलेबी, समोसा व गुंजिया के सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरदा राजेन्द्र कांबले ने बताया कि सभी सैम्पल खाद्य परीक्षण प्रयोग शाला भेजे जायेंगे तथा रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

विद्युत चोरी का दोबारा प्रकरण बनने पर जारी हो सकता है गिरफ्तारी वारंट

हरदा। महाप्रबंधक विद्युत वितरण कंपनी अनूप सक्सेना ने बताया कि इन दिनों विद्युत कनेक्शन से छेड़छाड़ कर विद्युत की चोरी करने वालों के विरूद्ध कंपनी द्वारा विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि किसी उपभोक्ता का एक बार विद्युत चोरी का प्रकरण बन चुका है और वह दोबारा उसी तरह के मामले में शामिल पाया जाता है तो यह अपराध अत्यंत गंभीर और गैर जमानती अपराध माना जाता है।

नगरीय क्षेत्रों में 15 जुलाई से पौधरोपण अभियान

हरदा। नगरीय क्षेत्रों में 15 जुलाई से 15 सितम्बर तक व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया जायेगा। नगरीय क्षेत्र में पूरे 2 माह पौधरोपण अभियान चलेगा।

मंत्री बोले: वृक्ष है तो जल है, जल है तो जीवन है

नदियों और जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए पौधरोपण सभी की जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

वृक्ष है तो जल है और जल है तो जीवन है। आने वाली पीढ़ी के स्वस्थ्य और सुरक्षित जीवन के लिए जल और पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। यह बात पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सीहोर जनपद पंचायत के ग्राम बमूलिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कही। मंत्री श्री पटेल ने इस असवर कोलांस नदी के उदगम स्थल पर पौधारोपण भी किया।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मानव ने अपने स्वार्थ के लिए जल, जंगल सहित अनेक प्राकृतिक संपदा का अंधाधुंध दोहन किया है, जिसके दुष्परिणाम देखने मिल रहे हैं। आज नदिया सूखी हैं, तालाबों में पानी नहीं है, पर्यावरण दूषित हो रहा है। इन सब के मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव दिखाई दे रहे हैं। अगर यही स्थिति रही तो आने वाली पीढ़ी हमे इसके लिए दोषी ठहराएगी। उन्होंने कहा आज हमें अपने सभी जल स्त्रोंतों का संरक्षण और संवर्धन करने के साथ ही पेड़ लगाने और उसे जीवित रखने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज बहुत दूरदर्शी और बुद्धिमान थे। उन्होंने नदियों के उद्गम और जल स्त्रोतों के समीप जल और पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल प्रजातियों के पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोंतो के पास अधिक जल अवशोषित करने वाले पौधे नहीं लगाना चाहिए बल्कि जल उत्सर्जित करने वाले पौधों का रोपण करना चाहिए। इससे हमारे जल स्त्रोत जीवित रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने आने वाली पीढ़ी के लिए पहले से ही कुएं, बावड़िया, कुंडों, तालाब, झीलों एवं घाटों को निर्माण करवाया और हमें सौगात के रूप में देकर गए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल प्रदेश सरकार का नहीं है, यह प्रत्येक नागरिक का अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जब अभियान प्रारंभ किया था तब मैंने भी तय किया कि मैं नदियों के उद्गम स्थल तक जाउंगा। मैं लगातार उद्गम स्थल पर जा रहा हूं और आज कोलांस नदी के उदगम स्थल पर आया हूं। कोलांस नदी का पानी भोपाल के बड़े तालाब में जाता और बड़ा तालाब भोपाल की प्यास बुझाता है। इस दृष्टि से भी कोलांस नदी के पुर्नजीवन के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण कर उन्हें जीवित रखने का संकल्प लेना होगा। ग्राम बमूलिया में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि जल है तो कल है। हम सभी को जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा।

रक्तदान एक महादान...

विश्व रक्तदान दिवस पर जैन समाज ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शासकीय चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में जैन समाज महिला परिषद द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर समाज के 15 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। दिगम्बर जैन महिला परिषद की अध्यक्ष रेखा अजमेरा ने कहा कि रक्तदान एक महादान होता है। हम सभी को जीवन में रक्त दान करना चाहिए। इसके अलावा यह हमारे शरीर को बेहतर स्वास्थ्य के लिए पुनर्जीवित करता है। रक्तदान से ब्लड बैंकों का काम आसान हो जाता है, आवश्यकता के समय जरूरतमंद व्यक्ति को तत्काल रक्त मिल पाता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि रक्तदान करने से हम चार लोगों की जान बचा सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति खासकर युवाओं को वर्ष में एक बार तो रक्तदान जरूर ही करना चाहिए। रक्तदान करके हम जहां एक तरफ जरूरतमंद की जान बचाते हैं वहीं खुद को स्वस्थ रखते हैं। रक्तदान करने से ब्रेन हेमरेज जैसी बीमारियों का खतरा बिल्कुल कम हो जाता है। जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में आयोजित शिविर में समाज के नवयुवक एवं युवतियों ने भी उत्साह से रक्तदान कर जरूरत पड़ने पर रक्तदान के लिए उपलब्ध रहने की शपथ ली।

खजूरिया कासम गांव के सूने घर में लाखों की चोरी

बिजली गुल होने का फायदा उठाकर गहने और नकदी लेकर फरार हो गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

आष्टा ब्लॉक के सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के खजूरिया कासम गांव में बुधवार रात चोरों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपए की चोरी कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिद्दीकगंज पुलिस ने बताया कि बुधवार रात ग्राम खजुरिया कासम गांव में बिजली गुल होने का फासदा उठाकर चोरों ने मांगीलाल ठाकुर के घर से लाखों रूपए के जेवर सहित 4 लाख नकदी चुरा ली।मांगीलाल ठाकुर ने बताया कि बदमाश करीब 10 लाख रुपए के जेवर सहित 4 लाख की नकदी लेकर फरार हो गए। बिजली गुल होने से परिजन घर के बाहर सो रहे थे। इस दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर के पीछे घुसकर वारदात को दिया। सिद्धि गंज पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रक ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर बाइक सवार ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

मंडी रोड पर बुधवार रात 10 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ था। भैरूंदा के मंडी रोड स्थित रिछड़िया जोड़ के पास ट्रक ने बाइक में जबरदस्त टक्कर मारी। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था। करीब एक घंटे ट्रैक में बाइक सहित फसा रहा युवक के दोनों पैरो में आई गंभीर चोट आई थी। युवक को स्थानीय लोगों की मदद बाहर निकल कर 100 डायल से घायल अवस्था में सिविल अस्पताल भर्ती कराया। सिविल अस्पताल में घायल युवक को भोपाल की जगह सीहोर रेफर कर दिया गया और युवक की सीहोर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल पर सवार मनोहर केवट निवासी निलकंठ भैरूंदा से अपने गांव नीलकंठ की तरफ जा रहा था। इस दौरान मण्डी रोड स्थित रिछड़िया जोड़ के पास मण्डी से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। और मौके से ट्रक चालक फरार हो गया इस हादसे में उसके दोनों गम्भीर चोटे आई है और युवक बुरी तरह से घायल हो गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को ट्रैक के नीचे से बाहर निकल कर 100 डायल की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार कर से उसे एंबुलेंस द्वारा सीहोर रेफर कर दिया गया। अस्पताल तक पहुंचाने के लिए घायल हुए युवक के नही मिली 108 इमरजेंसी सेवा अस्पताल तक पहुंचाने के लिए 100डायल से पहुंचाया गया। देर रात घायल युवक ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया है।

कलेक्टर आदित्य सिंह ने की मूंग उपार्जन तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार शाम को मूंग उपार्जन के लिए की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित बैठक में कृषि विभाग के साथ-साथ सहकारिता विभाग, सहकारी बैंक, नागरिक आपूर्ति निगम, वेयरहाउस कॉरपोरेशन के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि मूंग के रकबे का राजस्व अधिकारी कर्मचारियों के माध्यम से सत्यापन कराया जाए। उन्होंने मूंग खरीदी के लिए प्रस्तावित केंद्रों पर तौल कांटे की व्यवस्था करने तथा मूंग की खरीदी गई मात्रा के भंडारण एवं परिवहन के संबंध में भी संबंधित विभागो के अधिकारियों को निर्देश दिए।

---

5 से 16 जून तक चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

मानव श्रृंखला बनाकर और रैली निकालकर की जल संरक्षण की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जल संरक्षण व संवर्धन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने 5 से 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान आयोजित किया है, जिसके तहत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई व उनके गहरीकरण के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले की ग्राम पंचायत हीरापुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें जनसहयोग एवं श्रमदान से तालाब गहरीकरण का कार्य किया गया। इस अवसर पर विधायक हरदा डॉ. आर.के. दोगने सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस दौरान रैली निकालकर व मानव श्रृंखला बनाकर ग्रामीणों से जल संरक्षण की अपील की गई।

बावड़ी का जीर्णोद्धार किया

इसके अलावा ग्राम पंचायत गुल्लास के ग्राम जलोदा में 500 वर्ष पुरानी बावड़ी का जीर्णोद्धार किया गया। इसके साथ ही ग्राम नीमाचाकला व तजपुरा में नाली सफाई और कायागांव में पुराने कुए का जीर्णोद्धार किया। ग्राम नौसर में नाला विस्तारीकरण का कार्य कराया गया।

---

21 जून को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर के पूर्व तैयारियों के संबंध में शुक्रवार को श्री रायचंद नागड़ा उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर विद्यालय खंडवा में एक योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम 'स्वयं एवं समाज के लिए' पर आधारित है।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और शांति पाठ के साथ हुई। इस अवसर पर कलेक्टर खंडवा अनूप कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत खंडवा शैलेंद्र सिंह सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर अंशु चावला, विभिन्न अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, योग समिति के सदस्य, पतंजलि योग, ब्रह्माकुमारी शक्ति दीदी,सुरेखा दीदी,पावन दीदी आदि ब्रह्माकुमारी के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग के नियमित अभ्यास से तनाव कम होता है और व्यक्ति की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी शक्ति दीदी ने कहा की योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और सामाजिक सद्भावना को भी बढ़ावा देता है। इस वर्ष की थीम ₹स्वयं एवं समाज के लिए₹ का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि योग का अभ्यास व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ सामाजिक समरसता को भी बढ़ाता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेंद्र सिंह सोलंकी ने योग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि योग के नियमित अभ्यास से तनाव कम होता है। संयुक्त कलेक्टर अंशु चावला ने भी योग के सकारात्मक प्रभावों पर विचार साझा किए। बीके सुरेखा दीदी ने कहा कि योग आत्मा, मन और शरीर के बीच समन्वय स्थापित करता है और व्यक्ति को संपूर्णता का अनुभव कराता है। उन्होंने इस वर्ष की थीम के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जब व्यक्ति स्वयं के प्रति जागरूक होता है, तभी वह समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर तरीके से निर्वहन कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में, सभी उपस्थित लोगों ने एक साथ मिलकर योगाभ्यास किया और योग के महत्व को आत्मसात करने का संकल्प लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में योग के प्रति जागरूकता और उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर 21 जून को होने वाले मुख्य कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

गुरु सिंघ सभा में पहुंच कर गुरु महाराज के चरणों में शीश नवाया

लायंस क्लब की निशुल्क भोजन सेवा में सम्मिलित होने से मिलती है खुशी : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

लायन्स क्लब खंडवा द्वारा गत 24 वर्षो से जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में मरीजो परिजनों व जरूरमन्दों की भोजन सेवा में सम्मिलित होने पर बहुत खुशियां मिलती है। उपरोक्त उदगार विधायक कंचन तनवे ने लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा जिला चिकित्सालय में संचालित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में व्यक्त करते हुए कहे। साथ ही विधायक कंचन तनवे ने अपने जन्म दिवस पर प्रत्येक मंदिर और धार्मिक स्थलों सहित गुरु सिंघ सभा में पहुंच कर गुरु महाराज के चरणों में शीश नवाकर माथा टेका। समाज के सतनाम सिंह होरा ने बताया की मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जसवीर सिंह राणा ने विधायक के लिए अरदास की और उन्हें माला पहनाई, जिससे उन्हें मौजूद समाज के लोगों की शुभकामनाएं मिलीं। इस कार्य में समाज के सतनाम सिंह होरा, गुरु सिंघ सभा के सचिव दलजीत सिंह सवन्नी, पंजाबी कॉलोनी गुरुद्वारा के अध्यक्ष गुरुभेज सिंह होरा,वरिष्ठ सदस्य सतपाल सिंह चावला, ज्ञानी ईश्वर सिंह, सुरजीत राजपाल समेत समाज के अन्य सदस्यों ने भी उन्हें बधाई दी। इस महत्वपूर्ण और धार्मिक क्षण के साथ, विधायक ने गुरु महाराज के चरणों में भोग लगाकर ग्रहण भी किया। उन्होंने इस अवसर पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ सिख समाज के साथ ज्यादा निकटता और सामर्थ्य का संदेश भी दिया। दूसरी और तनवे ने कहा कि मुझे लायन्स क्लब खण्डवा की सेवा गतिविधियों व इस भोजन शाला में अनेको बार सम्मिलित होने का अवसर मिला,विधायक तनवे के जन्म दिवस पर महापौर अमृता यादव ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा की जनप्रतिनिधि, समाजसेवी इस गतिविधि से प्रभावित होकर शुभ अवसरों पर यहाँ आकर अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महापौर अमृता यादव,सेवादास पटेल, सुनील जैन संदेश गुप्ता, अनिल विश्वकर्मा ने भी भोजन सेवा केंद्र में आकर अपने हाथों से जरूरतमंदों को भोजन परोसा।

उत्कृष्ट विद्यालय में योगाभ्यास कराया

हरदा। आगामी 21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिले में योग दिवस प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी यह कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में काउंटडाउन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने योगाभ्यास किया। यह कार्यक्रम आयुष विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयुष तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे। सहायक संचालक शिक्षा विभाग बलवंत पटेल ने 21 जून को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के पल प्रति पल कार्यक्रम के बारे में बताया कि यह कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें अतिथिगण का आगमन एवं उद्बोधन के पश्चात राष्ट्रीय मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 7 से 7:45 तक सामान्य योग अभ्यास किया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' थीम पर आधारित होगा।